देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 09.08.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- उत्तरकाशी जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्र धराली में राहत और बचाव कार्य जोरों पर। रेस्क्यू अभियान में आधुनिक तकनीक और उपकरणों की मदद ली जा रही है।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चालू वित्त वर्ष में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी जारी रखने की मंजूरी दी।
- भाई–बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व राज्य में पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- आजादी का अमृत महोत्सव, 'हर घर तिरंगा' अभियान और 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश में विविध कार्यक्रमों का आयोजन।

<u>धराली रेस्क्यू</u>

उत्तरकाशी जिले के धराली आपदाग्रस्त क्षेत्र में आज पांचवें दिन राहत और बचाव अभियान तेजी से चल रहा है। अभियान में बड़ी संख्या में राहत कर्मियों के साथ ही हवाई सेवा, आधुनिक तकनीक और उपकरणों की मदद ली जा रही है। आज सुबह 70 से अधिक लोगों का रेस्क्यू किया गया है। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि सुबह से ही चार विमान उड़ान भर रहे हैं। यूकाडा के हेलीकॉप्टरों की ओर से रिजर्वेशन बेड़े के साथ काम किया जा रहा है। इसके अलावा प्रभावित क्षेत्र में खाद्य सामग्री सहित अन्य राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। साथ ही बिजली, पानी, स्वास्थ्य और सड़क सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए युद्ध स्तर से कार्य किए जा रहे हैं। वहीं, सेना के जवान, लिमचिगाढ़ में बैली ब्रिज बनाने के काम में भी युद्धस्तर पर जुटे हैं। रेस्क्यू अभियान में तेजी लाने और अभियान के लिए जरूरी लॉजिस्टिकल सपोर्ट प्रदान करने के लिए 03 चीता हेलीकॉप्टर जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे हैं। चीनूक से दो जेनरेटर हर्षिल पहुंचाए गए हैं।

<u>प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कई विकास परियोजनाओं और राहत पैकेज को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल ने उज्ज्वला योजना की सब्सिडी जारी रखने, तेल कंपनियों को क्षतिपूर्ति और असम तथा त्रिपुरा के लिए विशेष विकास पैकेज सहित कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। सरकार ने 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित लागत से वर्ष 2025–26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं के लिए सबसिडी जारी रखने को स्वीकृति दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार रसोई गैस सिलेंडर पर 300 रुपये तक की सब्सिडी देगी।

## मन की बात

आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम से अब तक 34 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉक्टर एल. मुरुगन ने कल राज्यसभा में इसकी जानकारी दी। इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नवाचार और समाज सेवा कार्य में लगे भारतीय नागरिकों की प्रेरणादायी कहानियों को साझा करते है।

देशभर में बड़ी संख्या में लोग मन की बात कार्यक्रम सुनते हैं। यू–ट्यूब और ओटीटी सहित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी मन की बात सुनने वालों की संख्या में काफी वृद्धि देखी गई है।

## भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो–बीआईएस द्वारा आईआईटी रुड़की में बीआईएस–स्टार्ट अप्स मीट का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य स्टार्टअप इकोसिस्टम और बीआईएस के बीच सहयोग को मजबूत करना और नवाचार व मानकीकरण को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर बीआईएस, एस.सी.एम.डी के प्रमुख दीपक कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बीआईएस और नवाचार आधारित उद्यमों के बीच सहयोग के अवसरों को रेखांकित किया। जिससे गुणवत्ता ढाँचे को सुदृढ़ कर उद्योग की तैयारी को बढ़ावा दिया जा सके। बीआईएस देहरादून के प्रमुख सौरभ तिवारी ने उत्तराखंड के औद्योगिक परिदृश्य और सरकारी नीतियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मानकों के प्रयोग से स्टार्टअप्स को विस्तार में मिलने वाले लाभों पर बल दिया।

## निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चल रही उन खबरों का खंडन किया है, जिनमें निर्वाचन आयोग द्वारा रातोंरात अपनी वेबसाइट से कई राज्यों की ई–मतदाता सूची हटाने की बात की गई है। आयोग ने इन खबरों को असत्य बताते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति voters.eci.gov.in वेबसाइट पर 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से किसी की भी मतदाता सूची डाउनलोड कर सकता है।

## रक्षा बंधन

भाई–बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व आज प्रदेशभर में पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बहनें अपनी भाइयों की कलाई में राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना कर रही हैं। वहीं, भाई अपनी बहनों की जीवनभर रक्षा करने का वचन दे रहे हैं। इस बीच, रक्षाबंधन के पर्व को लेकर राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के बाजारों में रौनक छाई है। वहीं, अल्मोड़ा जिले में भी रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर रानीखेत स्थित प्रसिद्ध मन कामेश्वर मंदिर परिसर में रक्षा बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्थानीय महिलाओं ने सैनिक भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उनकी रक्षा की कामना

की। शोभा पंत ने कहा कि हमारे सैनिक भाई सीमा पर देश की रक्षा करते हैं, इसलिए हम सभी बहनें उन्हें रक्षा सूत्र बांधने के लिए आई हैं।

कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट बिग्रेडियर संजय कुमार यादव कहा कि हर साल हम रानीखेत के नागरिकों के साथ रक्षा बंधन पर्व मनाते हैं।

तिरंगा यात्रा

आजादी का अमृत महोत्सव, 'हर घर तिरंगा' अभियान और 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बागेश्वर जिले की गरुड़ तहसील स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने राष्ट्रीय एकता और जनजागरण के उद्देश्य से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान हाथों में तिरंगा लिए छात्र, भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के नारे लगाते नजर आए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक आर्य ने कहा कि तिरंगा महज एक झंडा नहीं है, यह हमारे गौरव, बलिदान और स्वतंत्रता संग्राम के संघर्षों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। विद्यालय के छात्र अनुज ने कहा कि तिरंगा रैली उन्हें देशभक्ति और एकता का संदेश देती है।

उधर, अल्मोड़ा के ऐतिहासिक मल्ला महल में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत मेहंदी और राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में अल्मोड़ा के सरकारी और अर्धसरकारी विद्यालयों की छात्राओं, मंगलदीप विद्या मंदिर के मानसिक रूप से दिव्यांग छात्रों और बालिका निकेतन की छात्राओं ने भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता के साथ ही छात्राओं ने तिरंगे पर आधारित राखियां बनाईं, ये राखियां सेना और पुलिस के जवानों को भेजी जाएंगे।